# नज़र हटती नहीं | by Shipra Saloni

सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ
नज़र हटती नहीं सारी तमन्ना भूल जाती हूँ
सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ

कोई दूजा नहीं ऐसा जो नज़रों में समा जाए
कही फिर और जाऊं में ये कान्हा भूल जाती हूँ
सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ

चलाते बाण नैनो से ये जिस दम मुस्कुराते हैं
के दिल में जो कुछ रहता है कहना भूल जाती हूँ
सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ

बड़ी प्यारी सी चितवन है मेरे सरकार की ऐसी
कहीं कुछ और देखूं मैं देखना भूल जाती हूँ
सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ

नज़ारा होता है दीदार का ऐसा चोखानी
के वापस घर जाने का अपना रस्ता भूल जाती हूँ
सलोने श्याम को जब देखूं दुनिया भूल जाती हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a4%9f%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-shipra-saloni/